भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण
INSURANCE REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY OF INDIA

Title:प्रेस विज्ञप्ति

Reference No.: **Date:**23/04/2021

स्वास्थ्य बीमा दावों के संबंध में सूचना

प्रेस विज्ञप्ति
Press Release

स्वास्थ्य बीमा दावों के संबंध में सूचना
Communication on Health Insurance Claims

कुछ अस्पतालों द्वारा, बीमाकर्ताओं के साथ कैशलेस व्यवस्था होने के बावजूद पॉलिसीधारकों से, कोविड-19 के इलाज के लिए नकदी जमा का आग्रह किये जाने और विभेदक दरें चार्ज किये जाने की घटनाओं की रिपोर्ट आ रही हैं।
There are reports of instances of some hospitals charging differential rates and insisting on cash deposits from the policyholders for providing treatment for COVID-19 despite having cashless arrangement with Insurers.

पॉलिसीधारकों से विभेदक दरें चार्ज करना, अग्रिम जमाओं की माँग करना और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के पॉलिसीधारकों को कैशलेस इलाज उपलब्ध कराने से इन्कार करना न केवल पॉलिसीधारकों के हितों के विरुद्ध है अपितु बीमा कंपनियों और सेवा प्रदाता अस्पतालों के बीच सेवा स्तर समझौते का उल्लंघन भी है।
Charging differential rates to policyholders, demanding advance deposits and denying cashless treatment to policyholders of health insurance policies is not only detrimental to the interest of policyholders but may also violative of the service level agreement between the service provider hospitals and the insurance companies.

कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर की इस संकट की घड़ी में, नेटवर्क प्रदाता अस्पतालों से अनुरोध है कि आगे आएँ और सेवा स्तर समझौतों की शर्तों के अनुसार कोविड-19 सहित बीमा पॉलिसी द्वारा शामिल सभी इलाजों के लिए पॉलिसीधारकों को कैशलेस इलाज उपलब्ध कराएँ। सभी अस्पतालों से अनुरोध है कि वे रोगियों के बीच भर्ती या उपचार के संदर्भ में भेदभाव न करें कि बीमाकृत हैं या बीमाकृत नहीं हैं या कि वे नकदी का भुगतान करते हैं या कैशलेस सुविधा का लाभ उठाते हैं। संकट की इस घडी में अस्पतालों द्वारा इस प्रकार का रवैया स्वास्थ्य बीमा सहित स्वास्थ्य की देखभाल करने वाली व्यवस्था में आम जनता के विश्वास को सुदृढ करेगा।
In this difficult time of a second wave of COVID-19 pandemic, network provider hospitals are requested to rise to the occasion and to provide cashless treatment to policyholders for all treatments covered by the insurance policy including COVID-19 as per the terms of service level agreements. All hospitals are also requested not to differentiate the patients in terms of admission or treatment whether they are insured or not insured or whether they pay cash or avail of cashless facility. A gesture of this nature on the part of hospitals in these difficult times will re-inforce the confidence of the public in the healthcare system including health insurance and build trust.